दिनांक: 27.11.2024

आईईएमएल, ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश में 08 से 10 जनवरी, 2025 तक आयोजित इंडसफूड 2025 में एपीडा की सहभागिता

प्रिय निर्यातक,

इंडसफूड दक्षिण एशिया में एक **प्रमुख एफएंडबी मार्केटप्लेस** है, जो एफएंडबी उत्पाद और प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी की विशेषता को प्रकट करता है। इसका आयोजन भारतीय व्यापार संवर्धन परिषद (टीपीसीआई) द्वारा किया जा रहा है। यह 1000 से अधिक अंतरराष्ट्रीय खरीदारों को आमंत्रित करके अंतरराष्ट्रीय क्रेता कार्यक्रमों और ऑनलाइन मैचमेकिंग के माध्यम से क्रेताओं और ब्रांडों को जोड़ता है, साथ ही नेटवर्किंग और व्यापार के अवसर भी प्रदान करता है। इस इवेंट का उद्देश्य खरीदारों की एक विस्तृत श्रृंखला के लिए नए ब्रांड और प्रौद्योगिकियों को प्रदर्शित करना और वैश्विक एफएंडबी उद्योग को प्रोत्साहित करना है।

एपीडा द्वारा **इंडसफूड** 2025 में सहभागिता दर्ज कराई जा रही है, जो 08-10 जनवरी, 2025 को आईईएमएल, ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश में आयोजित किया जाएगा। वर्ष 2024 में आयोजित इंडसफूड का पिछला संस्करण काफी सफल रहा था। यह इवेंट अब अखिल विश्व के कृषि उत्पादों के आयातकों और निर्यातकों के बीच भी काफी लोकप्रिय है।

एपीडा पवेलियन को भारतीय खाद्य उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिए सौंदर्यपूर्ण रूप से डिजाइन किया जाएगा। इसमें 9 वर्ग मीटर के आकार में लगभग 150 निर्मित स्टॉल होंगे। इवेंट के महत्व को ध्यान में रखते हुए, प्रसंस्कृत खाद्य (काजू और मखाना सहित), पशु उत्पाद, जैविक उत्पाद, स्टार्टअप, एफपीओ/एफपीसी, महिला उद्यमी, पूर्वोत्तर राज्यों और **हिमालयी** राज्यों के निर्यातकों के लिए विशेष सहभागिता संगठित की जा रही है।

एपीडा द्वारा इंडसफूड 2025 में सहभागिता दर्ज कराने के लिए पंजीकृत सदस्य निर्यातकों से एपीडा पवेलियन के तहत 6/9 वर्ग मीटर या अनुरोध और स्थान की उपलब्धता के अनुसार इसके मल्टिपल में ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। एपीडा के सदस्य निर्यातक नीचे दिए गए लिंक पर ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र जमा कर सकते हैं: -

https://itrack.apeda.gov.in/mda/NewTradeFairApplication.aspx?RequestID=48690121

इवेंट में अपनी सहभागिता दर्ज कराने लिए दिनांक 15.12.2024 तक अनुरोध पर विचार किया जाएगा। यदि आवेदक स्टॉल की उपलब्धता से अधिक हैं तो आबंटन पहले आओ पहले पाओ के आधार पर किया जाएगा।

पंजीकरण कराने वाले आवेदकों को सहभागिता दर्ज कराने हेतु शुल्क की जानकारी अलग से दी जाएगी।

किसी भी प्रश्न या स्पष्टीकरण के लिए, आप श्री धीरेन्द्र कुमार, सहायक महाप्रबंधक, एपीडा, ईमेल आईडी- dhirender@apeda.gov.in और श्री वोहैब आलम, व्यवसाय विकास प्रबंधक, एपीडा, संपर्क विवरण- 9873215723, ईमेल आईडी- yppr@apeda.gov.in से संपर्क कर सकते हैं।

धन्यवाद,

भवदीय,

मान प्रकाश विजय
उप महाप्रबंधक